>

Title: Need to undertake various development works in Giridih Colliery under Central Coalfileds Limited in Jharkhand

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह): महोदय, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से मांग करता हूं कि वर्तमान में कोलांचल का जो क्षेतू है खासकर गिरिडीह लोक सभा क्षेतू के अंतर्गत जो बनियाडी कोलरी है, यहां पर लगभग 16 पंचायतें हैं और पंचायती राज गठित होने के बाद अभी तक इन 16 पंचायतों में न तो मनरेगा का कोई काम हो सका, न ही पंचायत भवन बन सका, न ही किसी दलित परिवार का इंदिरा आवास बन सका और इसका कारण लोग कहते हैं कि एनओसी न मिलने के चलते यहां पर काम नहीं हो सकता है। हकीकत यह है कि वहां पुलिस लाइन बनी, पार्क बना, गैस्ट हाउस बना तथा झारखंड सरकार की और बहुत सारी चीजों का निर्माण हुआ। लेकिन जब दलित परिवारों के लिए इंदिरा आवास की बात आ रही है, पंचायत भवन बनने की बात आ रही है तो वहां पर कोल इंडिया के अधिकारीगण इसमें ऑब्जेक्शन लगाते हैं। आपसे मेरा आग्रह होगा कि इस पर अविलम्ब कार्रवाई की जाए ताकि वहां के लोगों को इसका लाभ मिल सके, अन्यथा पंचायत को ही समाप्त कर दिया जाए।